# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सीईएन - 04/2026 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 04/2026 - JE, DMS, CMA

| | |
|---|---|
| Test Date | 28/10/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject / Exam Group | RRB JE DMS CMA CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB JE DMS CMA CBT I**

**Q.1** **The powers and functions of Gram Sabha in India are provided by which of the following authority?**

**Ans**
- ✗ 1. Indian Parliament
- ✗ 2. Rules made by the Gram Panchayat
- ✗ 3. The Constitution of India
- ✓ 4. The Legislature of the State

**Q.2** **निम्नलिखित में से कौन-सा विलयन का एक उदाहरण है?**

**Ans**
- ✗ 1. दाल में मिश्रित चावल
- ✓ 2. जल में विलीन सोडियम क्लोराइड
- ✗ 3. जल में मिश्रित तेल
- ✗ 4. लोहे के बुरादे में मिश्रित बालू

**Q.3** **अपनी दोहरी बर्हिरेखा वाली आकृतियों (double-outlined figures) और सघन पुष्पी किनारों (borders) के लिए पहचानी जाने वाली मधुबनी चित्रकला का उद्गम भारत के किस राज्य में हुआ था?**

**Ans**
- ✗ 1. राजस्थान
- ✗ 2. ओडिशा
- ✗ 3. महाराष्ट्र
- ✓ 4. बिहार

**Q.4** **आयनिक यौगिकों के गलनांक सामान्यतः उच्च क्यों होते हैं?**

**Ans**
- ✗ 1. इनमें दुर्बल अंतराआण्विक बल होते हैं
- ✗ 2. ये पृथक अणुओं से मिलकर बने होते हैं
- ✗ 3. इनमें परमाणुओं के मध्य द्वि-आबंध होते हैं
- ✓ 4. इनमें आयनों के मध्य प्रबल स्थिरवैद्युत बल होता है

**Q.5** **What is the main function of barrier contraceptive methods such as condoms and vaginal covers?**

**Ans**
- ✓ 1. They prevent sperm from reaching the egg
- ✗ 2. They change the uterus lining
- ✗ 3. They kill all bacteria in the reproductive tract
- ✗ 4. They alter hormone levels in the body

Q.6 X और Y किसी व्यापार में 1 : 7 के अनुपात में निवेश करते हैं। वर्ष के अंत में, कुल लाभ का 20% भाग दान कर दिया जाता है, तथा शेष लाभ को X और Y के बीच उनके निवेशों के अनुपात में विभाजित किया जाता है। यदि X को अपने हिस्से के रूप में ₹1,932 प्राप्त होते हैं, तो व्यापार द्वारा अर्जित कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 19,270
- ✗ 2. 19,170
- ✓ 3. 19,320
- ✗ 4. 19,420

Q.7 किसी सम बहुभुज में 9 विकर्ण हैं तथा उसकी भुजा की लंबाई 8 cm है। सम बहुभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $84\sqrt{3}\ \text{cm}^2$
- ✗ 2. $64\sqrt{3}\ \text{cm}^2$
- ✓ 3. $96\sqrt{3}\ \text{cm}^2$
- ✗ 4. $72\sqrt{3}\ \text{cm}^2$

Q.8 विभज्योतकीय कोशिकाओं में सामान्यतः बड़ी रसधानी (large vacuoles) क्यों नहीं होती हैं?

Ans
- ✗ 1. ये मृदा से खनिजों का अवशोषण करती हैं
- ✓ 2. ये वृद्धि के लिए निरंतर विभाजित होती रहती हैं
- ✗ 3. ये कोशिकाओं को दृढ़ता प्रदान करती हैं
- ✗ 4. ये अपशिष्ट पदार्थों का संचय करती हैं

Q.9 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) B M @ & X N X @ P + H K A D S S G B Q R $ (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में एक अक्षर है?

Ans
- ✗ 1. तीन
- ✓ 2. एक
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. दो

Q.10 भारतीय नौसेना के प्रमुख बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास, अभ्यास मिलन 2026 (Exercise MILAN 2026) का समापन किस पोत पर आयोजित समापन समारोह के साथ हुआ?

Ans
- ✗ 1. INS कोलकाता (INS Kolkata)
- ✓ 2. INS विक्रांत (INS Vikrant)
- ✗ 3. INS विक्रमादित्य (INS Vikramaditya)
- ✗ 4. INS चेन्नई (INS Chennai)

Q.11 एक वर्ग का परिमाप 44 m है। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 132
- ✗ 2. 104
- ✓ 3. 121
- ✗ 4. 124

Q.12 जुलाई 2026 में ऑकलैंड में 40 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की प्रथम न्यूजीलैंड यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री की मेजबानी करने वाले सरकार के प्रमुख निम्नलिखित में से कौन थे?

Ans
- ✗ 1. विंस्टन पीटर्स (Winston Peters)
- ✗ 2. एंथनी अल्बानीज़ (Anthony Albanese)
- ✓ 3. क्रिस्टोफर लक्सन (Christopher Luxon)
- ✗ 4. क्रिस्टोफर हिपकिंस (Christopher Hipkins)

Q.13 वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाए गए, 2030 सतत् विकास हेतु एजेंडा में कितने सतत विकास लक्ष्य (SDGs) शामिल हैं?

Ans
- ✗ 1. 15
- ✗ 2. 8
- ✗ 3. 20
- ✓ 4. 17

Q.14 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न: पांच मित्र – कीरत, रेयांश, समिका, तुषार और उर्विका – एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं, तो रेयांश के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

कथन:
(I) कीरत, रेयांश के दाएं दूसरे स्थान पर बैठी है।
(II) समिका, रेयांश के बाएं दूसरे स्थान पर बैठी है।

Ans
✗ 1. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।
✗ 2. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।
✓ 3. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✗ 4. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

Q.15 सात व्यक्ति, D, E, F, G, U, V और W एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W के ठीक बाईं ओर पड़ोस में F बैठा है। E और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे है। G, U के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। D के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है।
V और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. दो
✗ 3. एक
✗ 4. तीन

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा जल के रासायनिक सूत्र को सही ढंग से प्रदर्शित करता है?

Ans
✗ 1. $H_2O_2$
✓ 2. $H_2O$
✗ 3. $HO_2$
✗ 4. $H_2$

Q.17 विरंजक चूर्ण के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(I) यह शुष्क बुझे हुए चूने पर क्लोरीन गैस प्रवाहित करके तैयार किया जाता है।
(II) वस्त्र उद्योग में इसका उपयोग सूती एवं लिनन के विरंजन के लिए किया जाता है।
(III) इसका उपयोग पेयजल को रोगाणुमुक्त करने के लिए किया जाता है।
(IV) यह बुझे हुए चूने पर कार्बन डाइऑक्साइड प्रवाहित करके तैयार किया जाता है।

Ans
✗ 1. केवल I, III और IV
✗ 2. केवल I और II
✗ 3. केवल II, III और IV
✓ 4. केवल I, II और III

Q.18 दो समरूप त्रिभुजों ABC और PQR के परिमाप क्रमशः 48 cm और 60 cm हैं। यदि BC = 16 cm है, तो भुजा QR ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 40 cm
✗ 2. 60 cm
✗ 3. 80 cm
✓ 4. 20 cm

Q.19 पादपों में साइटोकाइनिन की क्या भूमिका है?

Ans
✗ 1. वे जड़ की वृद्धि को रोकते हैं
✓ 2. वे कोशिका विभाजन को बढ़ावा देते हैं
✗ 3. वे कोशिका विभाजन को रोकते हैं
✗ 4. वे मुरझाने का कारण बनते हैं

Q.20 एक चतुर्भुज ABCD के कोण $\angle A = 3x+5°$, $\angle B = 4x-3°$, $\angle C = 2x+10°$, $\angle D = x+8°$ हैं। $\angle A$ की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 127°
✗ 2. 110°
✓ 3. 107°
✗ 4. 117°

Q.21 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, इलेक्ट्रॉन संचलन के संदर्भ में अपचयन अभिक्रिया का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✔ 1. अपचयन में किसी पदार्थ द्वारा इलेक्ट्रॉनों को ग्रहण करना शामिल है।
✘ 2. अपचयन में इलेक्ट्रॉनों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
✘ 3. अपचयन में किसी पदार्थ द्वारा प्रोटॉनों को ग्रहण करना शामिल है।
✘ 4. अपचयन में किसी पदार्थ द्वारा इलेक्ट्रॉनों का त्याग करना शामिल है।

Q.22 संख्या 13457829 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
✘ 1. एक
✘ 2. एक का भी नहीं
✘ 3. तीन
✔ 4. दो

Q.23 शब्द DEFENDER के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
✘ 1. O
✘ 2. D
✔ 3. B
✘ 4. C

Q.24 संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट- दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है जैसे कि यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
**146 – 120 – 90 – 75;**
**130 – 104 – 74 – 59**

Ans
✘ 1. 108 – 72 – 42 – 27
✔ 2. 134 – 108 – 78 – 63
✘ 3. 124 – 98 – 78 – 64
✘ 4. 142 – 116 – 86 – 61

Q.25 यदि $\text{cosec } A + \cot A = 3$ है, तो $\sin A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $\frac{3}{5}$
✘ 2. $\frac{1}{3}$
✘ 3. $\frac{2}{5}$
✘ 4. $\frac{1}{5}$

Q.26 रमन की मासिक आय ₹71,800 है। वह अपनी आय के 7.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 35% की वृद्धि होती है और उसके व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में क्या परिवर्तन होगा?

Ans
✘ 1. ₹1,440 की वृद्धि
✔ 2. ₹1,436 की कमी
✘ 3. ₹1,431 की कमी
✘ 4. ₹1,434 की वृद्धि

Q.27 एक परिशुद्ध विनिर्माण प्रयोगशाला में, विद्युत धारा का वहन करने वाली एक चपटी धात्विक पट्टी को कन्वेयर बेल्ट के ऊपर क्षैतिज रूप से स्थित किया जाता है। पट्टी से होकर ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर एक प्रबल, एकसमान चुंबकीय क्षेत्र अनुप्रयुक्त किया जाता है। यदि कन्वेयर बेल्ट तत्काल पूर्व की ओर त्वरित होती है, जबकि पट्टी में धारा दक्षिण दिशा में प्रवाहित होती है, तो चुंबकीय क्षेत्र और बेल्ट की गति के कारण पट्टी पर लगने वाले नेट बल की परिणामी दिशा का सबसे उपयुक्त वर्णन क्या है?

Ans
✘ 1. धारा की दिशा के विपरीत, प्रयोगशाला के प्रवेश द्वार की ओर
✘ 2. चुंबकीय क्षेत्र की दिशा के अनुदिश, नीचे की ओर
✔ 3. चुंबकीय क्षेत्र और धारा दोनों के लंबवत, बेल्ट के पीछे की दीवार की ओर निर्दिष्ट
✘ 4. बेल्ट की गति के समांतर, पूर्व की ओर निर्दिष्ट

Q.28 The narrow belt of pebbles deposited at the foot of the Shiwaliks, where descending streams disappear underground, is known as the _____.

Ans
- ✔ 1. Bhabar
- ✘ 2. Terai
- ✘ 3. Bhangar
- ✘ 4. Khadar

Q.29 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
(बाएं) WAG APE EEL PUP (दाएं)
दाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✔ 1. 19
- ✘ 2. 20
- ✘ 3. 22
- ✘ 4. 18

Q.30 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए।

UAN −3 SEK 6 QIH −12 ? MQB −48

Ans
- ✘ 1. NNE 22
- ✔ 2. OME 24
- ✘ 3. ONE 24
- ✘ 4. MME 22

Q.31 Which of the following natural phenomena involves refraction and dispersion of sunlight in a manner similar to a glass prism?

Ans
- ✘ 1. Formation of a shadow by an opaque object
- ✘ 2. Heating of a black surface in sunlight
- ✔ 3. Formation of a rainbow after rainfall
- ✘ 4. Reflection of your face in a plane mirror

Q.32 एक ऋणी को ₹10,000 की मूलधन राशि, 7 समान मासिक किस्तों में 1.5% मासिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से चुकानी है। सभी किस्तों के भुगतान द्वारा लगभग कितनी राशि चुकाई गई?

Ans
- ✘ 1. ₹10,200
- ✘ 2. ₹11,200
- ✘ 3. ₹11,000
- ✔ 4. ₹10,600

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा सामाज सुधार आंदोलन ब्रिटिश शासन के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव की प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया था, जो 19वीं शताब्दी में और तेज हो गया?

Ans
- ✘ 1. भारत छोड़ो आंदोलन (Quit India Movement)
- ✔ 2. ब्रह्म समाज (Brahmo Samaj)
- ✘ 3. असहयोग आंदोलन (Non-Cooperation Movement)
- ✘ 4. खिलाफत आंदोलन (Khilafat Movement)

Q.34 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। उनमें से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✘ 1. OS-JM
- ✔ 2. QU-LP
- ✘ 3. KO-FI
- ✘ 4. MQ-HK

Q.35 एक ही पदार्थ से बने दो तारों की लंबाइयों का अनुपात 1 : 3 है तथा अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल 2 : 1 के अनुपात में है। उनके प्रतिरोधों का अनुपात कितना है?

Ans
- ✘ 1. 3 : 2
- ✔ 2. 1 : 6
- ✘ 3. 3 : 6
- ✘ 4. 1 : 2

Q.36 कोई व्यक्ति ₹660 में एक मोबाइल फोन बेचता है और उसे कुछ हानि होती है। यदि उसने मोबाइल फोन को ₹14,400 में बेचा होता, तो उसे पूर्व हानि की राशि से दोगुना लाभ प्राप्त होता। मोबाइल फोन का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 5,240
- ✘ 2. 5,040
- ✘ 3. 4,840
- ✘ 4. 5,440

Q.37 एक एस्केलेटर, 120 kg वाली एक क्रेट को 28 s में ऊर्ध्वाधर 7.5 m की ऊंचाई तक उठाती है। घर्षण के कारण, एस्केलेटर आदर्श निर्गत शक्ति (output power) का केवल 80% ही प्रदान करती है। ($g = 9.8\ m/s^2$ का उपयोग कीजिए।) एस्केलेटर की वास्तविक औसत निर्गत शक्ति ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 336 W
- ✔ 2. 252 W
- ✘ 3. 315 W
- ✘ 4. 282 W

Q.38 बच्चों में वृद्धि और विकास को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का स्राव कौन-सी ग्रंथि करती है?

Ans
- ✘ 1. अग्न्याशय
- ✔ 2. पीयूष ग्रंथि
- ✘ 3. अधिवृक्क ग्रंथि
- ✘ 4. पिनियल ग्रंथि

Q.39 A ray of light passes through a rectangular glass slab and emerges into air. How is the emergent ray related to the incident ray?

Ans
- ✘ 1. It follows the same path as the incident ray.
- ✘ 2. It makes a different angle with the normal than the incident ray.
- ✘ 3. It is perpendicular to the incident ray.
- ✔ 4. It is parallel to the incident ray but laterally displaced.

Q.40 9 cm त्रिज्या वाले एक ठोस गोले को पिघलाकर दो अलग-अलग आकृतियों एक शंकु और एक बेलन में ढाला जाता है। शंकु के आधार की त्रिज्या 6 cm है और बेलन के आधार की त्रिज्या 3 cm है। यदि शंकु की ऊँचाई बेलन की ऊँचाई से दोगुनी है, तो शंकु की ऊँचाई ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्णांक सेंटीमीटर तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✘ 1. 54 cm
- ✘ 2. 65 cm
- ✘ 3. 63 cm
- ✔ 4. 59 cm

Q.41 एक क्रिकेट किट का अंकित मूल्य ₹8000 है। यदि किसी व्यापारी को 12% स्कीम छूट और छूट के बाद घटे हुए मूल्य पर अतिरिक्त 8% नकद छूट प्राप्त होती है, तो व्यापारी द्वारा भुगतान की जाने वाली धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. ₹6560.80
- ✘ 2. ₹7360.08
- ✘ 3. ₹7040.80
- ✔ 4. ₹6476.80

Q.42 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसका सर्वोत्तम वर्णन करता है, कि प्रयोगशाला में अम्ल और क्षारक के बीच अंतर करने के लिए लिटमस पत्र का उपयोग कैसे किया जाता है?

Ans
- ✘ 1. अम्ल और क्षारक दोनों, लिटमस पत्र को एकसाथ दोनों रंगों में बदल देते हैं।
- ✘ 2. अम्ल और क्षारक लिटमस पेपर का रंग नहीं बदलते हैं।
- ✘ 3. अम्ल, लाल लिटमस पत्र को नीला कर देते हैं, और क्षारक, नीले लिटमस पत्र को लाल कर देते हैं।
- ✔ 4. अम्ल, नीले लिटमस पेपर को लाल कर देते हैं, और क्षारक, लाल लिटमस पेपर को नीला कर देते हैं।

Q.43 एक दुकान ₹500 प्रति कुर्ता की दर से 3 कुर्ते और ₹700 प्रति कुर्ता की दर से 2 कुर्ते बेचती है। प्रति कुर्ता भारित औसत मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. ₹600
- ✔ 2. ₹580
- ✘ 3. ₹550
- ✘ 4. ₹620

Q.44 9 m परिमाप वाले समषट्भुज का क्षेत्रफल ($m^2$ में) कितना होगा? (नोट: दशमलव के तीन स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
- ✗ 1. 5.754
- ✗ 2. 210.447
- ✗ 3. 8.545
- ✓ 4. 5.846

Q.45 एक तटीय पारितंत्र, सूक्ष्मदर्शीय शैवाल को नष्ट करने वाले प्रदूषण से संकटग्रस्त है। पारितंत्र के स्थायित्व पर इसका सर्वाधिक संभावित प्रभाव क्या है?

Ans
- ✗ 1. मृत कार्बनिक पदार्थों का तीव्र अपघटन
- ✓ 2. समुद्री जल में विलीन ऑक्सीजन के स्तर में कमी
- ✗ 3. तटीय क्षेत्रों में मृदा उर्वरता में वृद्धि
- ✗ 4. तटीय पादपों के बीच परागण दर में वृद्धि

Q.46 दो धावक किसी वृत्ताकार पथ पर एक ही बिंदु से समान समय पर, समान दिशा में 15 km/h और 12.5 km/h की चाल से दौड़ना आरंभ करते हैं। वे 12 मिनट पश्चात पहली बार पुनः मिलते हैं। वृत्ताकार पथ की लंबाई मीटर में ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 550
- ✗ 2. 450
- ✗ 3. 400
- ✓ 4. 500

Q.47 Z, Y की बहन है। Y, P का भाई है। F, C का पिता है। C, P का पुत्र है। Z का F से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ 1. पत्नी की बहन
- ✗ 2. पत्नी की माता
- ✗ 3. पुत्री
- ✗ 4. बहन

Q.48 ₹35,700 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित कीजिए कि पहले भाग का आधा, दूसरे भाग का एक-चौथाई तथा तीसरे भाग का $\frac{1}{8}$ भाग परस्पर बराबर हों। पहला भाग (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 5,000
- ✗ 2. 4,800
- ✗ 3. 5,400
- ✓ 4. 5,100

Q.49 निम्नलिखित व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

$48 \div 6 + 3^2 \times 4 - (15 - 9) \times 2$

Ans
- ✓ 1. 32
- ✗ 2. 28
- ✗ 3. 26
- ✗ 4. 30

Q.50 $\frac{2\cos^2 170^\circ - 2\sin^2 170^\circ}{\sin 140^\circ}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. $\sec 70^\circ$
- ✗ 2. $\sin 70^\circ$
- ✗ 3. $\operatorname{cosec} 70^\circ$
- ✗ 4. $\cos 70^\circ$

Q.51 Why does a rainbow display a sequence of colours in the sky after rain?

Ans
- ✗ 1. Because the atmosphere absorbs all colours except seven.
- ✓ 2. Because sunlight is dispersed into its constituent colours by water droplets.
- ✗ 3. Because clouds emit different coloured light.
- ✗ 4. Because water droplets reflect only red light.

Q.52 नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म एकसमान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
**EAP : GDM**
**HCN : JFK**

Ans
✗ 1. NIU : PLQ
✓ 2. KDO : MGL
✗ 3. OPF : QSB
✗ 4. DQJ : FSG

Q.53 संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट- दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है जैसे कि यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
**8 – 13 – 5 – 17; 6 – 11 – 3 – 11**

Ans
✓ 1. 5 – 10 – 2 – 8
✗ 2. 13 – 18 – 10 – 28
✗ 3. 4 – 9 – 17 – 53
✗ 4. 17 – 12 – 4 – 14

Q.54 किसी शहर की वर्तमान जनसंख्या 18,625 है। इसमें पहले वर्ष में 25% की वृद्धि होती है और दूसरे वर्ष में 24% की वृद्धि होती है, परंतु तीसरे वर्ष में 4% की कमी हो जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में शहर की जनसंख्या कितनी है?

Ans
✗ 1. 27,708
✗ 2. 27,718
✓ 3. 27,714
✗ 4. 27,724

Q.55 ₹6,000 की राशि पर 5% वार्षिक दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए, जहां इस राशि को 10 फरवरी 2024 को जमा किया गया था और 11 अप्रैल 2024 को निकाला गया था। ब्याज की गणना के लिए, जमा करने की तिथि को छोड़ दीजिए और निकालने की तिथि को सम्मिलित कीजिए, तथा अधिवर्ष 2024 में दिनों की वास्तविक संख्या का उपयोग कीजिए।

Ans
✗ 1. 48
✗ 2. 49
✓ 3. 50
✗ 4. 51

Q.56 2026 खेलो इंडिया शीतकालीन खेल दो लेग में आयोजित किए गए थे। लद्दाख लेग में मुख्य रूप से किस श्रेणी के खेल शामिल थे?

Ans
✓ 1. आइस खेल (Ice sports)
✗ 2. बीच खेल (Beach sports)
✗ 3. वॉटर खेल (Water sports)
✗ 4. कॉम्बैट खेल (Combat sports)

Q.57 **Which of the following government schemes encourages rural women to participate in micro-enterprises through Self Help Groups?**

Ans
✓ 1. Deendayal Antyodaya Yojana - National Rural Livelihoods Mission
✗ 2. Pradhan Mantri Employment Generation Programme
✗ 3. Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana
✗ 4. Stand-Up India Scheme

Q.58 **What primarily causes a valley breeze to move up a mountain slope during the day?**

Ans
✗ 1. The gravitational pull of the moon lifts the air up.
✗ 2. The valley floor warms more quickly than the mountain slope.
✓ 3. The mountain slope warms more quickly than the valley floor.
✗ 4. Cooler air from the slope sinks into the valley during the day.

Q.59 एक महासागरीय अनुसंधान जलयान किसी नदी में धारा की दिशा में 84 km की दूरी को 6 घंटे में तय करके एक प्रतिचयन केंद्र पर पहुंचता है। धारा की विपरीत दिशा में वापस आने की यात्रा के दौरान, जलयान को अपनी चाल की विपरीत दिशा में प्रवाहित होने वाली वाली 1 km/h की एक अतिरिक्त ज्वारीय धारा का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण 84 km की इस वापसी यात्रा में 14 घंटे का समय लगता है। स्थिर जल में अनुसंधान जलयान की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 9.5 km/h
- ✓ 2. 10.5 km/h
- ✗ 3. 12 km/h
- ✗ 4. 11.5 km/h

Q.60 उत्तरी मैदानों में, दो नदियों के बीच स्थित उपजाऊ भूमि के क्षेत्र को स्थानीय रूप से किस नाम से जाना जाता है?

Ans
- ✓ 1. दोआब (Doab)
- ✗ 2. खादर (Khadar)
- ✗ 3. भाबर (Bhabar)
- ✗ 4. तराई (Terai)

Q.61 एक निश्चित कूट में,
'fast train arrives' को 'mz ca nh' के रूप में कूटबद्ध किया गया है,
'fast moves car' को 'xk za mz' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और
'quickly train moves' को 'ca cf za' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं)

कूट 'nh' का क्या तात्पर्य है?

Ans
- ✗ 1. car
- ✓ 2. arrives
- ✗ 3. train
- ✗ 4. fast

Q.62 हिंदू धर्म में पुन: परिवर्तन के उद्देश्य से चलाया गया "शुद्धि आंदोलन (Shuddhi Movement)", निम्नलिखित में से किस संगठन की एक विशिष्ट विशेषता थी?

Ans
- ✓ 1. आर्य समाज
- ✗ 2. ब्रह्म समाज
- ✗ 3. प्रार्थना समाज
- ✗ 4. रामकृष्ण मिशन

Q.63 एक निर्माता, बड़े पैमाने पर बेकिंग सोडा का उत्पादन करना चाहता है। इसके निर्माण की प्रयोगशाला विधि में अभिकारकों के किस संयोजन का उपयोग किया जाना चाहिए?

Ans
- ✗ 1. जल में कैल्शियम कार्बोनेट और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
- ✗ 2. विलयन में सोडियम हाइड्रॉक्साइड और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
- ✗ 3. शुष्क वायु में सोडियम क्लोराइड और सल्फ्यूरिक अम्ल
- ✓ 4. जल में सोडियम क्लोराइड, अमोनिया और कार्बन डाइऑक्साइड

Q.64 यदि $-6p - 2q - r = -17$, $5p + q - 6r = 19$ तथा $-4p - 6q - 6r = -20$ है, तो $p + q + r^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 6
- ✗ 2. 5
- ✗ 3. 4
- ✗ 4. 8

Q.65 राधा और मुरारी की वर्तमान आयु का अंतर 17 वर्ष है। अब से पांच वर्ष पूर्व, उनकी आयु का योगफल 19 वर्ष था। यदि राधा मुरारी से बड़ी है, तो मुरारी की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 5
- ✓ 2. 6
- ✗ 3. 12
- ✗ 4. 8

Q.66 छह दोस्त, D, E, F, W, X और Z, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
E और Z के बीच केवल दो लोग रहते हैं। X तल क्रमांक 1 पर रहता है। F और D के बीच केवल दो लोग रहते हैं। X और D के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। E, D के ऊपर रहता है।
W और F के बीच कितने लोग रहते हैं?

Ans
✔ 1. एक
✘ 2. चार
✘ 3. दो
✘ 4. तीन

Q.67 एक डिलीवरी ड्रोन एक गोदाम से एक दूरस्थ आउटपोस्ट तक एक सीधे पथ पर उड़ता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसका वेग-समय ग्राफ तीन सीधे खंडों से मिलकर बना है: सबसे पहले, यह 6 सेकंड में विरामावस्था से 12 मीटर प्रति सेकंड तक एकसमान रूप से त्वरित होता है; फिर, यह अगले 8 सेकंड तक इस वेग को बनाए रखता है; अंत में, यह 4 सेकंड में एकसमान रूप से मंद होकर रुक जाता है। इस यात्रा के दौरान ड्रोन द्वारा तय की गई कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 120 मीटर
✘ 2. 96 मीटर
✔ 3. 156 मीटर
✘ 4. 108 मीटर

Q.68 Why are gymnosperms better suited to dry environments than bryophytes?

Ans
✘ 1. They produce flowers
✘ 2. They lack true roots
✔ 3. They have needle-like leaves
✘ 4. They need constant moisture

Q.69 A, B, C, D, E, F और G में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होती है। B की परीक्षा शुक्रवार को होती है। E और B के बीच केवल दो लोगों की परीक्षा होती है। A और E के बीच केवल चार लोगों की परीक्षा होती है। C के ठीक बाद F की परीक्षा होती है। G की परीक्षा सोमवार को नहीं होती है। G और D के बीच कितने लोगों की परीक्षा होती है?

Ans
✘ 1. दो
✘ 2. एक
✘ 3. तीन
✔ 4. चार

Q.70 उदासीनीकरण अभिक्रिया में, जब कोई अम्ल किसी क्षारक के साथ अभिक्रिया करता है, तो क्या बनता है?

Ans
✔ 1. लवण और जल
✘ 2. लवण और गैस
✘ 3. केवल लवण
✘ 4. केवल जल

Q.71 नमन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 16 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुक जाता है। पवन बिंदु P, जो बिंदु A के 13 km पूर्व में है, से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 13 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 18 km ड्राइव करके बिंदु Q पर रुक जाता है। बिंदु Q और बिंदु B के बीच न्यूनतम दूरी क्या है? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 7 km
✔ 2. 10 km
✘ 3. 9 km
✘ 4. 8 km

Q.72 तीन व्यक्तियों A, B और C का औसत भार 70 kg है। जब एक अन्य व्यक्ति D इस समूह में शामिल होता है, तो औसत भार 68 kg हो जाता है। बाद में, A के स्थान पर एक अन्य व्यक्ति E आ जाता है, जिसका भार D से 5 kg अधिक है। इस प्रतिस्थापन के बाद B, C, D और E का औसत भार 70 kg हो जाता है। A का भार (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 65
✔ 2. 59
✘ 3. 61
✘ 4. 60

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, एक उदासीन परमाणु से आयन के निर्माण की प्रक्रिया का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✔ 1. प्रोटॉनों की संख्या को अपरिवर्तित रखते हुए इलेक्ट्रॉनों को ग्रहण करके या त्याग करके
✘ 2. नाभिक में न्यूट्रॉन जोड़कर या हटाकर
✘ 3. नाभिक में प्रोटॉनों की संख्या में वृद्धि या कमी करके
✘ 4. परमाणु नाभिक के विखंडन या संलयन द्वारा उसका आवेश बदलकर

Q.74 एक मूर्ति को इमारत की छत से और ऊपर तक उत्थापित किया जाता है और फिर छत पर रख दिया जाता है। उत्थापन के दौरान इसके उच्चतम बिंदु की तुलना में, स्थापित होने के पश्चात मूर्ति की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा _____ होती है।

Ans
✘ 1. अधिक
✘ 2. बराबर
✘ 3. ऊंचाई से स्वतंत्र
✔ 4. कम

Q.75 शब्द EXTIRPATION के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके पहले आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans
✘ 1. एक
✔ 2. तीन
✘ 3. चार
✘ 4. दो

Q.76 एक पाइप किसी टंकी को 23 मिनट में भर सकती है, जबकि एक अन्य पाइप भरी हुई टंकी को 92 मिनट में खाली कर सकती है। यदि टंकी खाली होने पर दोनों पाइप एकसाथ खोल दिए जाएं, तो टंकी का $\frac{3}{4}$ भाग भरने में कितने मिनट का समय लगेगा?

Ans
✘ 1. 19
✘ 2. 25
✘ 3. 21
✔ 4. 23

Q.77 0-10, 10-20, 20-30, 30-40 वर्गों वाले वर्गीकृत आंकड़ों के लिए, जिनकी बारंबारताएं क्रमशः 5, 8, 12, 7 हैं, माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 22.5
✘ 2. 21.5
✘ 3. 23.5
✘ 4. 24.5

Q.78 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
124 A 4 C 32 B 6 D 27 =?

Ans
✘ 1. 200
✘ 2. 198
✔ 3. 196
✘ 4. 195

**Q.79** इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 8 2 @ ? % & 5 ! 1 *

कूट G D M B U L T I X C

**शर्तें –**
**(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर बदल दें।**
**(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव प्रतीक हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।**
**(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है, तो चौथे और पांचवें दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।**

**संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?**
**82@?%**

**Ans**
✗ 1. GLMB©
✓ 2. GDM©©
✗ 3. ©DMBU
✗ 4. GDT©U

**Q.80** **Parenchyma cells mainly function in:**

**Ans**
✗ 1. Protection against pathogens
✗ 2. Transport of water
✓ 3. Storage and photosynthesis
✗ 4. Providing mechanical strength

**Q.81** एक निश्चित कूट भाषा में,
**A √ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'**
**A ≠ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'**
**A ~ B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'**
**A ¥ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'**

**उपरोक्त के आधार पर, यदि 'B ≠ C ~ D √ K ¥ L' है, तो B का L से क्या संबंध है?**

**Ans**
✗ 1. पत्नी की बहन
✗ 2. बहन
✓ 3. भाई की पत्नी
✗ 4. पत्नी का भाई

**Q.82** एक माली, क्षैतिज से 40° के कोण पर 350 N का बल लगाकर एक बोरी को 12 m तक खींचता है। माली द्वारा किया गया कार्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 4200 J
✗ 2. 5000 J
✓ 3. 3220 J
✗ 4. 2690 J

**Q.83** **How does internal fertilisation provide an advantage to reptiles, birds, and mammals?**

**Ans**
✗ 1. It speeds up the rate at which fertilization occurs during mating
✗ 2. It scales up the total number of eggs produced at once
✗ 3. It enables many diverse animal species to colonize aquatic environments
✓ 4. It increases the survival chances of young ones by protecting the embryo

**Q.84** कोई थोक विक्रेता, किसी खुदरा विक्रेता को 10% के लाभ पर एक कूलर बेचता है, और खुदरा विक्रेता इसे एक ग्राहक को 12% के लाभ पर बेचता है। यदि ग्राहक ₹15,400 का भुगतान करता है, तो थोक विक्रेता के लिए कूलर का लागत मूल्य (₹ में) कितना है?

**Ans**
✓ 1. 12,500
✗ 2. 13,000
✗ 3. 14,000
✗ 4. 13,500

**Q.85** द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दौरान छत्तीसगढ़ में स्थापित भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना किस देश के तकनीकी और वित्तीय सहयोग से की गई थी?

**Ans**
- ✗ 1. यूनाइटेड किंगडम
- ✓ 2. पूर्व सोवियत संघ
- ✗ 3. पश्चिमी जर्मनी
- ✗ 4. जापान

**Q.86** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।
**88 - {7 - (-48) ÷ (-16)}**

**Ans**
- ✗ 1. 88
- ✗ 2. 82
- ✓ 3. 84
- ✗ 4. 86

**Q.87** **Refer to the following letter, symbol series and answer the question.**
**(Left) C Ω H & G L Y X N Ω + * λ $ A % & $ P Q K (Right)**
**If all the letters are dropped from the series, which of the following will be seventh from the left?**

**Ans**
- ✗ 1. λ
- ✗ 2. Ω
- ✓ 3. $
- ✗ 4. +

**Q.88** 1991 के बाद की अवधि के दौरान, भारत में सार्वजनिक क्षेत्रक के उद्यमों में सुधार के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय अपनाया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. सार्वजनिक क्षेत्रक के उद्यमों को दी जाने वाली सहायकी में वृद्धि
- ✗ 2. सार्वजनिक क्षेत्रक के उद्यमों में कार्यबल का विस्तार
- ✓ 3. सरकारी इक्विटी का विनिवेश
- ✗ 4. निजी कंपनियों का राष्ट्रीयकरण

**Q.89** **Which statement best explains why plant tissues are generally not specialized for movement like animal tissues?**

**Ans**
- ✗ 1. Plant tissues cannot divide.
- ✗ 2. Plant cells lack a cell membrane.
- ✗ 3. Plants have no permanent tissues.
- ✓ 4. Plants do not require locomotion.

**Q.90** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**JJG : MHE**
**WTQ : ZRO**

**Ans**
- ✗ 1. GHO : JGM
- ✓ 2. RVL : UTJ
- ✗ 3. KLH : MJF
- ✗ 4. JKJ : MMH

**Q.91** चार अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 11, 10 और 9 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 8 प्राप्त होता है।

**Ans**
- ✗ 1. 9900
- ✗ 2. 9918
- ✓ 3. 9908
- ✗ 4. 9898

Q.92 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

5 8 28 53 95 142 ?

Ans
✗ 1. 210
✗ 2. 197
✗ 3. 194
✓ 4. 206

Q.93 कोई वैज्ञानिक एक परमाणु में अधिकांश खाली स्थान से घिरे एक सूक्ष्म धनावेशित केंद्र का अवलोकन करता है। रदरफोर्ड के मॉडल के आधार पर, क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

Ans
✗ 1. परमाणु ठोस गोले होते हैं जिनकी कोई आंतरिक संरचना नहीं होती है
✗ 2. परमाणु में धनात्मक और ऋणात्मक आवेश एकसमान रूप से फैले होते हैं
✗ 3. परमाणु के नाभिक में इलेक्ट्रॉन अंतःस्थापित होते हैं
✓ 4. परमाणु में एक सघन केंद्रीय नाभिक होता है और इलेक्ट्रॉन इसके चारों ओर परिक्रमा करते हैं

Q.94 B, C, V, W, Y और Z में से प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए हैं। केवल दो व्यक्तियों ने C से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केवल V ने B से कम अंक प्राप्त किए हैं। Y ने W से अधिक परंतु Z से कम अंक प्राप्त किए हैं। कितने व्यक्तियों ने Y से अधिक अंक प्राप्त किए हैं?

Ans
✓ 1. एक
✗ 2. तीन
✗ 3. चार
✗ 4. दो

Q.95 निम्नलिखित आंकडा समुच्चय के लिए, माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

58, 65, 42, 66, 49, 59, 44, 45, 62, 60

Ans
✗ 1. 7.7
✗ 2. 7.4
✓ 3. 8
✗ 4. 7

Q.96 In March 2026, PM-STIAC discussed Advanced Manufacturing Systems as a priority area for India's technology ecosystem. What was the main focus of this discussion?

Ans
✗ 1. Expanding India's public-sector factory automation
✗ 2. Creating export incentives for technology units
✓ 3. Strengthening India's advanced manufacturing capabilities
✗ 4. Limiting manufacturing research to defence labs

Q.97 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

16 30 25 39 34 ?

Ans
✗ 1. 29
✓ 2. 48
✗ 3. 45
✗ 4. 39

Q.98 अक्षत, ₹36,400 की धनराशि को 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 1 वर्ष के लिए निवेश करता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। उसके द्वारा प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. ₹40,131
✗ 2. ₹40,587
✗ 3. ₹39,471
✗ 4. ₹40,873

**Q.99** एक प्रयोगशाला तकनीशियन दो तारों का उपयोग करता है, जिसमें से एक निक्रोम (Nichrome) से निर्मित है और दूसरा चांदी (Silver) से निर्मित है, दोनों की लंबाई और व्यास समान हैं। समान प्रचालन स्थितियों के अंतर्गत परिपथ के प्रतिरोध को कम करने और ऊष्मा-ह्रास को न्यूनतम करने के लिए, प्रतिस्थापन तार (replacement wire) के रूप में किस पदार्थ का चयन किया जाना चाहिए?

**Ans**

✗ 1. सर्वाधिक चमकदार रंग वाला पदार्थ

✗ 2. न्यूनतम गलनांक वाला कोई भी पदार्थ

✗ 3. निक्रोम

✓ 4. चांदी

**Q.100** भारत में 73वां संविधान संशोधन अधिनियम निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans**

✓ 1. पंचायती राज संस्थाएं

✗ 2. न्यायिक पुनर्विलोकन

✗ 3. वित्तीय आपात

✗ 4. राष्ट्रपति शासन

"